हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 22 अप्रैल 2026

11 नवाचार और रचनात्मक विचार राष्ट्र की प्रगति के ...

12 राज्यपाल ने शिक्षकों को पढ़ाया प्राकृतिक...


### बलियाली के खेतों में ढाई घंटे धधकती रही आग, गांव में अग्निशमन दस्ता तैनात

# आग बुझाने के प्रयास में झुलसा किसान, 40-50 एकड़ फसल जली

**तीन गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद किया शांत**

- पास में काम कर रहे लोगों ने किसान को झुलसी हालत में तोशाम के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

मंगलवार दोपहरी में बलियाली के खेतों में आग ने जबरदस्त तांडव दिखाया। आग की तेज लपटों में किसान बुरी तरह से झुलस गया। बाद में दूसरे खेतों में काम कर रहे लोगों ने किसान को झुलसी हालत में तोशाम के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। समाचार लिखे जाने तक किसान की हालत चिंताजनक बनी रही। वहीं आग से करीब चार दर्जन एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल अवशेष जलकर राख हो गया, जिससे किसानों को हजारों रुपये का नुकसान होने की आशंका है। फिलहाल बलियाली के खेतों में आग सुलगती नजर आई। हालांकि अभी भी गांव के खेतों में अग्निशमन का दस्ता तैनात रहा,लेकिन एकदम इतनी ज्यादा दूरी में आग फैलने से किसानों में जबरदस्त भय बना हुआ है।





भिवानी। खेतों में लगी आग को बुझाते और खेतों में खड़ी फायर बिग्रेड की गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

दोपहर करीब दो बजे के आसपास गांव बलियाली के खेतों में अचानक आग भड़क गई। जिस वक्त आग भड़की उस वक्त कुछ किसान अपने खेतों में कार्य कर रहे थे। आग की लपटें एकदम बढ़ गई। इस दौरान पास के खेतों काम कर रहे किसान गांव बीरण निवासी रघुबीर भी वहीं पहुंच गए। अचानक आग की लपटों का रुख बदल गया और बीरण निवासी रघुबीर लपटों से घिर गया। जैसे ही आग से बचने के लिए भागने का प्रयास किया तो आग उसके कपड़ों में लग गई। वहां पर अन्य लोगों ने रघुबीर को बाहर निकाला। उसको झुलसी हुई हालत में तोशाम के निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। दोपहर दो बजे आग ने खेतों में गेहूं की फसल को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। किसानों ने अपने प्रयासों से आग को बुझाने का प्रयास किया,लेकिन आज की लपटें शांत होने की बजाए बढ़ती गई। उसके बाद किसी व्यक्ति ने इस बारे में फायर बिग्रेड को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग का दस्ता मौके पर पहुंचा और आग बुझाने में जुट गया। एक बार आग शांत हो गई। फिर एकदम हवा झौका आया तो आग की लपटें फिर सक्रिय हो गई। आग ने गेहूं के अवशेषों को राख कर दिया। उसके बाद अन्य दो और गाड़ियो को बुलाया गया। दो और गाड़ी पहुंचने के बाद ही आग की लपटें शांत हुई। शाम साढे पांच बजे तक खेतों में आग सुलगती नजर आई। वहां पर आग शांत होने तक एक गाड़ी खड़ी रही।

#### अनुभव की कमी के कारण लगा ज्यादा समय

फायर बिग्रेड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अजय श्योराण ने बताया कि बलियाली गांव के खेतों में लगी को आग बुझाने में काफी वक्त लगा। क्योंकि जिन कर्मचारियों पर आग बुझाने का दारोमदार था। उनका आग बुझाने का ज्यादा अनुभव नहीं है। नियमित कर्मचारी हड़ताल पर होने की वजह से एचकेआरएन व दूसरे विभागों से बुलाए गए कर्मचारियों से आग बुझाने का कार्य लिया जा रहा है। जिसका असर मंगलवार बलियाली गांव के खेतों में देखने को मिला। अगर अनुभवी कर्मचारी होते तो आग इतनी देर तक नहीं जलती और नुकसान को बढ़ने से भी रोका जा सकता था। खैर आगजनी से जो नुकसान हुआ है। वह सभी के लिए दुखदायी है।

**लेंटर ढलाई के दौरान हादसा**

## मशीन का डंडा खुलने से गिरे मजदूर, एक की मौत



भिवानी। शव गृह के आगे उपस्थित मृतक के परिजन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- भवन निर्माण कामगार जिला सचिव अनिल कुमार एवं परिवार ने प्रशासन से की आर्थिक सहायता की मांग

निर्माणाधीन बिल्डिंग में लेंटर ढलाई के दौरान गिरने से 2 मजदूर दब गए। जिनमें में से एक युवक की मौत हो गई,जबकि दूसरा मजदूर जीवन व मौत के बीच झूल रहा है। हादसे के बाद इलाके में शोक की लहर है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नया बाजार क्षेत्र में तीन मंजिला इमारत का निर्माण कार्य चल रहा था।

बीती देर रात लेंटर ढलाई के दौरान यह हादसा हुआ। भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला सचिव अनिल कुमार के अनुसार, काम के दौरान अचानक मशीन से दो मजदूर नीचे गिर गए। परिजनों ने आरोप लगाया है कि नीचे से किसी व्यक्ति द्वारा मशीन का डंडा खोल दिया गया, जिसके कारण ऊपर काम कर रहे दोनों मजदूर संतुलन खो बैठे और नीचे गिर गए। इस हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। मृतक युवक परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसकी मां बीमार रहती है और घर की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। भवन निर्माण कामगार जिला सचिव अनिल कुमार एवं परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए और इस मामले में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मृतक की मां ने भी बेटे की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई और न्याय की मांग की है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

## मार्केट कमेटी की टीम ने चार स्थानों पर की छापेमारी

**बाढ़डा।** मार्केट कमेटी की टीम ने अवैध रूप से अनाज की खरीद-फरोख्त और भंडारण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न गांवों में चार स्थानों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने कुल 36,723 रुपये की मार्केट फीस व जुर्माना वसूल किया। चरखी दादरी मार्केट कमेटी के सचिव विजय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने नांधा, कादमा, दगड़ौली-बाढड़ा रोड और कारीतोखा गांव में छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर बिना वैध दस्तावेजों के सरसों का स्टॉक पाया गया, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। नांधा गांव में बनीत के प्लॉट में करीब 150 क्विंटल सरसों का स्टॉक मिला, जिस पर 9,375 रुपये मार्केट फीस और 2,813 रुपये जुर्माना लगाया गया। कादमा के गोशाला रोड पर सुनील कुमार के पास लगभग 140 क्विंटल सरसों बिना दस्तावेज के मिली।

- 36,723 रुपये की फीस और जुर्माना वसूला

## ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर, एक की मौत और दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

**एक किलोमीटर तक पीछा कर ट्रक चालक को पकड़ा**

कस्बे के जुई रोड पर वीर इंटरनेशन स्कूल के सामने मगंलवार को दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि उसके ताऊ और छोटी बहन गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों की मदद करने की बजाय ट्रक चालक मौके से भागने की नियत से ट्रक को भगा लिया, जिसे दूसरे वाहन चालकों ने एक किलोमीटर तक पीछा कर पकड़ा। भिवानी के पीतराम कालोनी निवासी जतीन पुत्र राजू, ताऊ आंनद प्रकाश व चाहत दोपहर के समय स्कूटी पर सवार होकर भिवानी से सतनाली की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वे बाढ़ड़ा के पास पहुंचे, अचानक पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जतिन ट्रक के नीचे आ गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में ताऊ आनंद प्रकाश और 11 वर्षीय बहन चाहत भी घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गुस्साए लोगों ने ट्रक चालक को करीब एक किलोमीटर दूर कस्बे के मुख्य चौक पर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद भिवानी रेफर किया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चरखी दादरी सिविल अस्पताल में भेजा। वहीं मृतक की पहचान भिवानी के पीतराम की ढाणी निवासी जतिन के रूप में हुई है।





भिवानी। हादसे के बाद मौके पर मृतक की स्कूटी व शव, जांच में जुटी पुलिस और हादसे के बाद पुलिस द्वारा काबू किया गया ट्रक। फोटो : हरिभूमि

## जनगणना कार्य की ड्यूटी को लेकर कर्मचारियों में रोष

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा क्षेत्र में आगामी जनगणना कार्य को लेकर कर्मचारियों में असंतोष देखने को मिल रहा है। सरकार द्वारा जनगणना संबंधी कार्यों के लिए विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है, जिससे कर्मचारियों में चिंता और नाराजगी बढ़ रही है। इस संबंध में हसला प्रधान प्रवीण अग्रवाल बवानीखेड़ा द्वारा कर्मचारियों की ओर से प्रेस नोट जारी कर प्रशासन से उचित समाधान की मांग की गई है। बवानीखेड़ा ब्लॉक के करीब 150 कर्मचारियों की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगाई गई है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि बवानीखेड़ा क्षेत्र के कई कर्मचारियों की ड्यूटी दूर-दराज क्षेत्रों में लगा दी गई है। कुछ कर्मचारियों को 40 से 45 किलोमीटर दूर तक भेजा जा रहा है, जिससे उन्हें आने-जाने में काफी परेशानी होगी।

- 40 से 45 किलोमीटर दूर भेजने से नाराजगी

## किशोरियों को बाल विवाह के दुष्प्रभाव बताए और रोकने की शपथ दिलवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गावं पटोदी के वीर शहीद रिछपाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर समुदाय में बाल विवाह की रोकथाम एवं संतुलित आहार के महत्व के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किशोरियों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें इसके प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही संतुलित आहार के महत्व को समझाते हुए बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन के बारे में बताया गया।



इस अवसर पर सुपरवाइजर पंकज राकेट लर्निंग डिसट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सुलेखा, आंगनवाड़ी वर्कर कलावती, निर्मला द्वारा समुदाय को जागरूक करते हुए बताया गया कि सही पोषण से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर होता है तथा बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करना समाज की जिम्मेदारी है।

**लाडावास, कलाली और देवसर में सरपंच पद के लिए पड़ेंगे वोट**

## पंचायत उप चुनाव की तैयारियां, बनाए मतदान केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- 10 मई को विभिन्न गांवों के 30 वार्डों के पंचों का चुनाव भी होगा

राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं डीसी साहिल गुप्ता ने आगामी 10 मई को पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव-2026 के चलते मतदान केंद्रों का प्रकाशन किया है। जिले में गांव कलाली, देवसर और लाडावास में सरपंच पद के लिए भी उपचुनाव होगा। वहीं विभिन्न गांवों के 30 वार्डों के पंचों का चुनाव भी होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का समय रहते निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होना सुनिश्चित करें। पंचायत उप-चुनाव खंड बहल के गांव लाडावास के वार्ड नंबर एक से छह तक के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला में और गांव अमीनपुर के वार्ड नंबर छह के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला का पश्चिमी कक्ष में मतदान केंद्र बनाया गया है। खंड भिवानी के गांव देवसर के वार्ड नंबर एक से पांच के लिए राजकीय कन्या उच्च विद्यालय की नई बिल्डिंग का पश्चिमी लाइन का उत्तरी कक्ष में, मध्य कक्ष में छह से 10, दक्षिणी कक्ष में 11 से 15 व पूर्वी लाइन का दक्षिणी कक्ष में 16 से 19 में मतदान केंद्र बनाया गया है। खंड कैरू के गांव खैरपुरा के वार्ड नंबर सात में राप्रापा में और सुंगरपुरा के वार्ड नंबर तीन व पांच के लिए राउवि के पूर्वी कक्ष में मतदान केंद्र बनाया गया है। खंड लोहारू के गांव ढाणी ढ़ोला के वार्ड नंबर दो के लिए राप्रापा का मध्यम कक्ष को चुनाव के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है।

## पुलिस ने चोरी के आभूषण खरीदने के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**बवानी खेड़ा ।** पुलिस ने चोरी के आभूषण खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गांव लोहारी जाटु निवासी एक व्यक्ति ने थाना बवानी खेड़ा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 फरवरी को वह अपने परिवार सहित शादी में गया हुआ था। 13 फरवरी को वापस घर लौटने पर पाया कि अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी कर लिए हैं। इस संबंध में थाना बवानी खेड़ा में अभियोग दर्ज किया गया था। मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए दिनांक 20 अप्रैल को थाना बवानी खेड़ा के मुख्य सिपाही सुनील कुमार द्वारा न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट हासिल कर तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान देवेंद्र पुत्र श्रीकृष्ण निवासी बहल के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश कर 1 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए आभूषणों में से 01 सोने की मटर माला बरामद की गई है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देवेंद्र सुनार का कार्य करता है और उसने अन्य आरोपियों से चोरी के आभूषण खरीदे थे। उक्त मामले में शामिल अन्य आरोपी इमरान व सद्दाम को पुलिस टीम द्वारा पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी देवेंद्र को आज पुनः न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए हैं।

- पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया

### गोलागढ़ व आसपास गांवों के किसानों ने उपायुक्त व अधीक्षण अभियंता से की मुलाकात

## टावर लाइन के लिए पात्थरवाली माइनर के साथ लगते रास्ते का प्रयोग करने की मांग

**जुई से भाखड़ा तक 33केवी स्टेशन के लिए डाली जाएगी टावर लाइन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में गोलागढ़, जुई, ढाणी शंकर, पात्थरवाली व भाखड़ा के किसानों ने उपायुक्त साहिल गुप्ता से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने डीसी से जुई से भाखड़ा तक 33केवी स्टेशन के लिए आने वाली टावर लाइन को खेतों के बीचों बीच की बजाय पात्थरवाली माइनर के साथ लगते 16.5 फुट सरकारी रास्ते पर टावर खड़े करने की मांग की, ताकि किसानों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। उपायुक्त ने किसानों की समस्या को समझते हुए विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता विनोद पूनिया से फोन पर बात की और उन्हें वैक्लपिक रास्ते पर टावर खड़े करने का रास्ता तलाशने को कहा।




भिवानी। उपायुक्त कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते किसान सभा के सदस्य व किसान।

किसान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल व उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाखड़ा में आसपास के ग्रामीणों को प्रयाप्त बिजली आपूर्ति करने के लिए 33केवी का सब स्टेशन बन रहा है, इसके लिए जुई से भाखड़ा तक खेतों से होकर 40 फुट उंची 8 किलोमीटर टावर लाइन आ रही है। इसके लिए निगम ने किसी भी किसान को कोई नोटिस नहीं दिया तथा इसमें किसानों को मुआवजा देने का प्रावधान भी नहीं बताया जा रहा है। एक टावर 2.5 वर्ग फुट जमीन घेरेगा इससे किसान की जमीन की कीमत भी कम हो जाएगी, इसलिए लाइन खेतों की बजाय पात्थरवाली माईनर के रास्ते से जाए तो उनका नुकसान बच सकता है । प्रतिनिधिमंडल में किसान सभा भिवानी तहसील की प्रधान सन्तोष देशवाल, कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह सिंहमार, आनन्द शर्मा, पवन कुमार, सन्दीप खैरपुरा, आनन्द शर्मा, कपूर शर्मा गोलागढ़, ईश्वर गोलागढ़ आदि शामिल थे।

## बिजली की हाई टेंशन लाइनों से पीड़ित किसानों ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बिजली की हाईटेंशन लाइनों से पीड़ित किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में किसानों ने बताया कि बिजली की हाईटेंशन लाइनों के लिए 3 गांव बलियाली, जाटुलुहारी और सुमराखेड़ा की जमीन के जो रेट तय किए हैं वे वास्तविक कीमत का एक चैथाई भाग भी नहीं है एक गांव में 4,5 तरह की कीमत लगाई गई है खंबे और तार के नीचे के मूल्य में अन्तर है जोकि हरियाणा के किसी भी जिले में नहीं हुआ है इन तीन गांवों को ये मार्केट मूल्य मंजूर नहीं है और जिन 3 धनाना, मंढाना और बडेसरा गांवों का मार्केट मूल्य 22 अप्रैल को जिला तय करना चाहता है उन्हें भी संदेह है कि उनकी कीमत भी कम लगाई है। क्योंकि 3 वैल्यू आर को आगे कर जिला प्रशासन और पावर ग्रिड ने मिलकर किसानों के साथ ज्यादती की किसानों ने जिला प्रशासन से कहा कि हमें मुआवजा वास्तविक मार्केट मूल्य से दिया जाएगा तो हम खेतों में पावर ग्रिड को काम करने देगें अन्यथा नहीं। इस अवसर पर भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब, रमेश, सोमबीर, रामेहर, गौरव, महेन्द्र, सतबीर आदि मौजूद रहे।



- वास्तविक मार्केट मूल्य के हिसाब से मांगा मुआवजा



# हॉन्टेड 3डी का मोशन पोस्टर आउट फिर साथ आए विक्रम और आनंद...

**मुंबई।** 2008 में रिलीज हुई फिल्म 1920 के 18 साल बाद विक्रम भट्ट और आनंद पंडित फिर से एक हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है 'हॉन्टेड 3डी'। मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जो काफी डरावना है। पोस्टर में डरावनी गुड़िया, एक सफेद कपड़ों में भटकती आत्मा, डरावने चेहरे और घने कोहरे के बीच भयानक चीख, किसी के भी रोंगटे खड़े कर देगी। विक्रम भट्ट अपनी हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर हैं, अपनी नई फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके पुराने स्टाइल की वापसी है। यह भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक 3डी हॉरर फिल्म है।

## लाइफ Style



# दिशा

## आवारापन के सीक्वल में आएंगी नजर

29 जून 2007 में रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन के सीक्वल आवारापन 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के नाम से भी पर्दा उठा दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इमरान हाशमी इस फिल्म में फिर से शिवम का किरदार निभाएंगे। प्रमोशनल पोस्टर में एक हाथ का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसमें चिड़िया का टैटू बना है। यह टैटू आजादी और मुक्ति की भावना को दिखाता है। इस सीक्वल में दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी के साथ काम करेंगी। यह दिशा पटानी का विशेष फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है। विशेष फिल्म्स ने आज 21 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर आवारापन 2 की घोषणा कर दी है। यह 2007 की हिट फिल्म आवारापन का सीक्वल है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का प्रोडक्शन का में आखिरी चरण में है।

'आवारापन 2' 14 अगस्त को देश-विदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है। फिल्म 'आवारापन 2' का निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। फिल्म को लेकर निर्माता विशेष भट्ट ने कहा, 'आवारापन एक गहरा एहसास है, जो बड़े पर्दे के लिए ही बना है। इसमें शानदार जगहों पर शूटिंग, बड़े सीन, मजबूत किरदार और अच्छा संगीत होगा। इमरान हाशमी शिवम के किरदार में पूरी तरह फिट हो गए हैं। अब दिशा पाटनी के जुड़ने से फिल्म में नई जान आ गई है।'

## हॉलीवुड मसाला



# सैंड्रा-निकोल साथ करेंगी काम

**लॉस एंजिल्स।** प्रैक्टिकल मैजिक 2 का ट्रेलर सामने आ चुका है। इस फिल्म में सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन साथ नजर आएंगी। दोनों लगभग 28 साल बाद बड़े पर्दे पर दर्शकों को नजर रही हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन, कुछ जगहों पर इसका प्रीमियर 18 सितंबर को होगा। साल 1998 में हॉलीवुड फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। प्रैक्टिकल मैजिक 2 के ट्रेलर में विक्टोरियन दौर का एक घर दिखाया जाता है।



# नाबालिग की हत्या मामले में हुई सिंगर डी-4वीडी की पेशी

**लॉस एंजिल्स।** डेविड बर्क 21 साल के एक म्यूजिशियन हैं, जो डी4वीडी के नाम से जाने जाते हैं। सिंगर पर पर 14 साल की नाबालिग की हत्या का आरोप लगे हैं। मंगलवार को इसी मामले में लॉस एंजेलिस में कोर्ट में उनकी पेशी हुई, जहां उनके वकील ने उनकी ओर से सभी आरोपों से इनकार किया। हालांकि, जज ने इसके बावजूद कड़ा फैसला सुनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड बर्क पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर, 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन शोषण और शव के टुकड़े करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जज ने आदेश दिया है कि उन्हें बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा। डी4वीडी को 2022 में पहचान मिली, जब उन्होंने अपने फोन पर गाने रिकॉर्ड करके फॉर्नाइट गेमिंग वीडियो में इस्तेमाल किए, जो टिकटॉक पर वायरल हो गए।



# सूरज की फिल्म में पहली बार करेंगे काम

**मुंबई।** सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म ऊंचाई डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूरज की फिल्म में पहली बार आयुष्मान खुराना काम करेंगे। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान खुराना और शरवरी एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।




# है जवानी तो... होगी आखिरी फिल्म

**मुंबई।** डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए। ये मेरी आखिरी फिल्म हो सकती है। इसके बाद मैं बस वरुण का पिता रहूंगा।' तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर और 45 से ज्यादा फिल्मों के साथ, डेविड धवन ने अपने सफर को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने संजय दत्त, अनिल कपूर, गोविंदा और सलमान खान जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है।

## टीवी मसाला





# कराची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया सामाज्य

**नई दिल्ली।** हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था। रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रमन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता था। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया।

## घर से निकलने में भी लगता है डर



**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था। कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते हैं।

# कपिल शर्मा का शो कॉमेडी फिल्मों के लिए बन रहा खतरा : परेश रावल

*परेश रावल जिन्होंने अपने करियर में कई कॉमेडी फिल्मों में काम किया है और सबको खूब हंसाया है। उनका कहना है कि कपिल शर्मा का शो आज के समय में कई कॉमेडी मूवीज को टक्कर दे रहा है। परेश रावल हाल ही में फिल्म भूत बंगला में नजर आए हैं। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है और इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव हैं। फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है।*



**नई दिल्ली।** अब परेश ने हाल ही में बताया कि कैसे आज कल कॉमेडी फिल्मों को टीवी और डिजिटल शोज से टफ कॉम्पटीशन झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, परेश ने सुनील ग्रोवर की भी तारीफ की और उन्हों टैलेंट का ज्वालामुखी बताया है। परेश ने मनीकंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'ये कॉमेडी के लिए काफी मुश्किल समय है। हर सीन कॉम्पटीशन है। कपिल शर्मा शो तो हर कॉमेडी फिल्म के लिए कॉम्पटीशन है। कभी-कभी वो भी ओवर टॉप जाते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती।' एक्टर ने आगे कहा, 'अगर आप कपिल शर्मा शो देखते हैं और सुनील ग्रोवर को देखें कि क्या टैलेंट हैं उनमें। ये सब बहुत बड़े टैलेंटेड हैं। वो तो ज्वालामुखी हैं यार कॉमेडी के। आपको उस कॉमेडी के साथ कॉम्पीट करना है तो आपको सोच बदलनी पड़ेगी नहीं तो नहीं होता है। कॉमेडी लिखना और उसे मेन्टेन करना काफी मुश्किल है। वहां भी जो कॉमेडी लिखी जाती है, उनकी 10-15 लोगों की टीम होती है। हमारे यहां तो एक राइटर को रखने का माल नहीं होता है प्रोड्यूसर के पास तो 15 लोगों को कहां से देगा।' बता दें कि सुनील ग्रोवर तो पिछले कुछ दिनों से अपने मिमिक्री स्टाइल के लिए छाए हुए हैं। उनके कई किरदार हिट रहे हैं जैसे एस एस राजामौली, आमिर खान, सलमान खान और कादर खान। कादर खान के तो उनके मिमिक्री वीडियो को बहुत ज्यादा प्यार मिला। कई ने तो उनके इस एक्ट को शेयर कर उनकी तारीफ की थी सोशल मीडिया पर। भूत बंगला के बाद परेश अब हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाले हैं। वेलकम टू द जंगल में परेश के साथ अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी हैं। वहीं हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी लीड रोल में हैं।

# मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत



**मुंबई।** सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।' सैयारा फिल्म में भी यही बात बेबाकी से दिखाई गई है। सैयारा की टीम के साथ वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। लगता है यह किस्मत में लिखा था। आगामी फिल्म को लेकर मोहित ने कहा, 'इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं। कहानी को लेकर बहुत उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ भी। उम्मीद है कि इस फिल्म का संगीत भी लोगों के दिल को छू सकेगा।'

## बाबुल की दुआएं लेती जा... इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर

# एक मुस्लिम गीतकार, जिसने बेटी की विदाई का दर्द गीत में उतार दिया

***नई दिल्ली।*** *'बाबुल की दुआएं लेती जा' लिखने वाले इस मुस्लिम गीतकार ने कभी नहीं की थी शादी। गाने में उतार दिया बेटी की विदाई करने वाले पिता का दर्द। इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर। आज भी उतना ही दर्दभरा है ये गाना। 1968 में एक फिल्म आई थी नील कमल। इस फिल्म में वहीदा रहमान, राज कुमार और मनोज कुमार ने लीड किरदार निभाया था। फिल्म राम महेश्वरी ने डायरेक्ट की थी और किदार शर्मा ने लिखी। वैसे तो फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की थी जो नींद में चलती है और अपनी पुरानी जिंदगी में चली जाती है। इस कहानी ने उस समय के लोगों को प्रभावित किया था। लेकिन गाने अलग ही माहौल बनाते थे। इसी फिल्म का वो गाना था 'बाबुल की दुआएं लेती जा'। एक ऐसा गाना जिसे सुनने वाले लोग और गाने वाला सिंगर रो पड़ा था। इस गाने को लिखने वाले ने ऐसे भावों को अपनी राइटिंग में दिखाया जो उसने खुद कभी महसूस नहीं किया।*



### इस गाने को सुन रो पड़ते हैं लोग

फिल्म नील कमल ये गाना तब बजता है जब बलराज साहनी का किरदार अपनी बेटी सीता की विदाई करता है। स्क्रीन पर नजर आने वाला वो विदाई का सीन आंखें गीली कर देता है। एक पिता अपनी बेटी को घर से डोली तक छोड़ने आता है। बैकग्राउंड में रवि का म्यूजिक और वो खास मन को कटोचने वाली धुन बजती है। ये सीन जितनी बार देखा जाता है उतनी बार आंखें गीली हो जाती हैं। इस गाने को उस दौर के मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा था। साहिर ने खुद कभी शादी नहीं की, उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन, जब ये गीत उन्होंने एक पिता के दर्द को अपनी लेखनी में उतारते हुए लिखा तो गाने वाले मोहम्मद रफी रो पड़े।

### लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए

फिल्म में जब ये गाना दिखाया गया तो इसे सुनने और देखने वाले लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए। ऐसा ही किस्सा फिल्म धड़कन के गाने 'दूल्हे का सेहरा' गाने वाले नुसरत फतेह अली खान के साथ हुआ था। वो भी गाने की एक लाइन को गाते समय खूब रोए थे।

### रफी की आवाज हो गई थी रुआंसी

इस गाने को रवि ने कंपोज़ किया था। गाने के अंतरे में सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज रुआंसी हो जाती है। अंत में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर रवि से कहा कि उन्हें एक बार फिर से रिकॉर्ड करना चाहिए क्योंकि वो गाना गाते समय रो गए हैं। ये सुनते ही म्यूजिक बनाने वाले रवि ने कहा कि वो ये गाना ऐसे ही रखेंगे। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय मोहम्मद रफी इसलिए भी रो पड़े थे क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। बेटी को याद कर उनकी आवाज रुआंसी हो गई।


## वैश्य महाविद्यालय भिवानी में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई

# नवाचार और रचनात्मक विचार राष्ट्र की प्रगति के आधार: गोयल

विश्व सृजनात्मकता एवं नवाचार दिवस के अवसर पर वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी ईकाई ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया।

■ प्रतियोगिता में कैडेट संगीता एवं प्रिया ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य व अन्य। फोटो : हरिभूमि

आज के युग में नवाचार और रचनात्मक विचार ही समाज और राष्ट्र की प्रगति के आधार हैं।विश्व सृजनात्मकता एवं नवाचार दिवस विद्यार्थियों में नई सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इसके तहत की गई प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करती हैं तथा उनमें आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास करती हैं।

यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन सी सी इकाई द्वारा विश्व सृजनात्मकता एवं नवाचार दिवस के अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कहे।11 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल रितेश रंजन के दिशा निर्देशों के अनुसार वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन सी सी इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के नेतृत्व एवं महाविद्यालय के एन सी सी अधिकारी मेजर डॉ. अनिल तंवर, लेफ्टिनेंट डॉ रीना एवं डॉ मनीष कुमार के मार्गदर्शन में विश्व सृजनात्मकता एवं नवाचार दिवस के अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 50 कैडेट्स ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार की भावना तथा सामाजिक विषयों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचारों को आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ मधु रानी एवं डॉ सरिता गोयल ने निभाई। महाविद्यालय के एन सी सी अधिकारी मेजर डॉ. अनिल तंवर ने विजेता कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल अनुशासन और नेतृत्व ही नहीं सिखाती, बल्कि कैडेट्स को सामाजिक एवं बौद्धिक गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करती है। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए अन्य कैडेट्स को भी इसी प्रकार अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में कैडेट संगीता एवं प्रिया ने संयुक्त रूप से प्रथम, कैडेट सुमित एवं पूनम देवी ने संयुक्त रूप से द्वितीय एवं कैडेट प्रतिभा एवं काफी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### एआई तीव्रता और सटीकता से करती है काम : डॉ रीना

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट डॉ रीना ने एनसीसी कैडेट को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उसके प्रयोग पर विस्तार सहित व्याख्यान दिया और बताया कि आज के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रचनात्मक सोच और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए है। इस वर्ष का संभावित विषय (सतत नवाचार को आगे बढ़ाना) है, जो समस्या समाधान में रचनात्मकता के महत्व पर जोर देता है।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसानों की तरह सीखने और समस्याओ का समाधान करने में सक्षम है जो डाटा का विश्लेषण कर तीव्रता और सटीकता के साथ काम करती है।

### शुभकामनाएं दी

प्रतियोगिता के अंत में सभी विजेताओं को प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के एन सी सी अधिकारी मेजर डॉ. अनिल तंवर, लेफ्टिनेंट डॉ रीना,डॉ मनीष कुमार, निर्णायक डॉ मधु रानी, डॉ सरिता गोयल एवं अकाउंट ऑफिसर ईश्वर शर्मा ने सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दी।

# बदबू और बीमारी के साए में जीने को मजबूर दुकानदार

■ सीवरेज की समस्या से लोगों में हाहाकार


बवानीखेड़ा। कस्बे में सडक पर जमा सीवर का पानी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा शहर के मुख्य बाजार में सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। ओवरफ्लो हो रहे मैनहोल और सड़कों पर बहता गंदा पानी अब दुकानदारों और आमजन के लिए नासूर बन गया है। हालात इतने बदतर हैं कि बदबू और गंदगी के कारण दुकानदार सुबह देर से दुकान खोल रहे हैं और शाम को जल्दी बंद कर घर लौटने को मजबूर हैं। प्रशासन आंखें मूंदे हुए नजर आ रहा है। कर्मचारी आते हैं, क्कन उठाकर ढककर चलते दिखाई देते हैं।

### ढक्कन उठाकर चले जाते हैं कर्मचारी, नहीं होता स्थायी समाधान

स्थानीय दुकानदारों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौके पर आते तो हैं, लेकिन केवल मैनहोल का ढक्कन उठाकर देख लेते हैं और बिना कोई सफाई या मरम्मत किए वापस चले जाते हैं। समस्या जस की तस बनी हुई है। मुख्य बाजार में सड़क के बीचों-बीच मैनहोल का ढक्कन खुला पड़ा है, जिसमें गंदा पानी लबालब भरा है। उसके आसपास गंदगी और टूटी हुई ईंटें बिखरी पड़ी हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### बीमारियां फैलने की आशंका

लोगों की मानें तो सड़क और फुटपाथ पर जमा सीवर के पानी के कारण मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इलाके में डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड और पेट संबंधी बीमारियों का भय बना हुआ है। छोटे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। बदबू के कारण लोगों को सांस लेना भी दूभर हो गया है। खाना-पीना भी मुश्किल से हो पा रहा है। मुख्य सड़क पर खुले मैनहोल और उसके आसपास जमा कीचड़ से हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। दुकानों के ठीक सामने सीवर का पानी सड़क पर फैला हुआ है। बाइक सवार और पैदल चलने वाले लोग फिसलकर गिर रहे हैं। रात के समय खुले मैनहोल में गिरने का खतरा और बढ़ जाता है क्योंकि स्ट्रीट लाइट भी कई जगह बंद पड़ी है।

### व्यापार हुआ चौपट नहीं आ रहे ग्राहक

बाजार के दुकानदारों में अशोक कुमार, प्रवीन कुमार, श्यामसुंदर, हरिराम, सुनील कुमार आदि ने बताया कि सीवरेज का गंदा पानी दुकानों के आगे जमा रहता है। बदबू इतनी तेज है कि ग्राहक दुकान पर रुकना पसंद नहीं करते। हम सुबह 11 बजे के बाद दुकान खोल पाते हैं, जब धूप से थोड़ी बदबू कम होती है। शाम 6 बजे ही शटर गिरा देते हैं। पूरा दिन गंदगी और मक्खियों के बीच बैठना पड़ता है।

### प्रशासन से समाधान की लगाई गुहार

शहरवासियों और दुकानदारों ने कई बार नगरपालिका और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लिखित में शिकायत दी, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं। काम के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी की जाती है, लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही सीवर लाइन की पूरी सफाई और मरम्मत नहीं की गई तो वे मजबूरन बाजार बंद कर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### जल्द समस्या का समाधान करवाएंगे

इस संबंध में जनस्वास्थ्य विभाग के जेई से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। वहीं विभाग के एसडीओ जयसिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है वे जल्द ही कर्मचारियों को भेजकर समस्या का समाधान करवानें का कार्य करेंगे।

## शिविर में विभिन्न रोगों के 80 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



मुरारीलाल रासिवासिया आयुर्वेदिक कॉलेज द्वारा प्राचार्या डॉ. अनिता यादव की अगुवाई समाजसेवा के लक्ष्य को लेकर लगाए जाने वाले मेडिकल शिविरों की कड़ी में झज्जर घाटी में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, जिसमें बतौर अतिथि पार्षद विनोद सिंहमार व नवीन हिंदू ने सहभागिता की।

शिविर के दौरान पंचकर्म विशेषज्ञ डॉक्टर सूर्यप्रकाश, शल्य रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सतेंदर सिंह, नाक कान गला रोग विशेषेज्ञ डॉक्टर दीपक, जनरल फिजिशियन डॉक्टर डिम्पल गिल, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कैलाश, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गीता तथा सहयोगियों द्वारा अपनी सेवाए दी। कैंप में विभिन्न रोगों के 80 मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श दिए। इस दौरान शिव शक्ति शर्मा, ज्योति, राधिका, विपिन, निशांत, राहुल आदि का विशेष सहयोग रहा।

## कालुवास के स्कूलों में विद्यार्थियों को दी पोषण संबंधित जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार पोषण पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न जागरूकता अभियान के तहत पोषण संबंधित जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में गांव कालुवास में सर्कल सुपरवाइजर अंजना की अध्यक्षता में पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत राजकीय प्राइमरी व मिडिल स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान सुपरवाइजर अंजना ने विद्यार्थियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। दैनिक आहार में आवश्यक पोषक तत्वों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार से न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक विकास भी सुदृढ़ होता है, जो एक स्वस्थ एवं सक्षम जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा के साथ-साथ खान-पान पर विशेष ध्यान देना अनिवार्य है, तभी विद्यार्थी खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी वर्कर, स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## आस्था स्पेशल स्कूल में मनाया संत शिरोमणि सूरदास जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



आस्था स्पेशल स्कूल में सक्षम जिला इकाई के सानिध्य दिव्यांग बच्चों के बीच सांस्कृतिक गतिविधियों एवं संत शिरोमणि सूरदास की पंक्तियों को संगीतमय गतिविधि उच्चारण के साथ याद किया। कार्यक्रम में सक्षम जिला इकाई के अध्यक्ष प्रवीण बजाज, रामचंद्र मित्तल, प्रणव प्रकोष्ठ के प्रमुख विजय शर्मा, आस्था स्पेशल स्कूल की प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा, डॉ. तरुण कुलश्रेष्ठ एवं दिव्यांग बच्चों ने महाकवि संत शिरोमणि सूरदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। जिला इकाई के अध्यक्ष प्रवीण बजाज ने बताया संत सूरदास ने अपने भक्तिभाव और काव्य के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अद्भुत वर्णन किया, उनका जीवन हमें प्रेरणा देता है कि शारीरिक सीमाओं के बावजूद भी व्यक्ति अपनी प्रतिभा एवं भक्ति से महान ऊंचाइयां प्राप्त कर सकता है

## जन समस्याओं का समाधान अधिकारियों की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

प्रशासनिक स्तर पर आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान को लेकर उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि कार्यालयों में आने वाले हर फरियादी की बात को न केवल सुना जाए, बल्कि एक निश्चित समय सीमा के भीतर उसका समाधान भी सुनिश्चित किया जाए।

उपायुक्त ने ये आदेश अपने कार्यालय में आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई के दौरान दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालय अध्यक्ष जन शिकायतों को लंबित न रखें। विशेष रूप से बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए। अधिकारियों की कार्यकुशलता का आकलन इस आधार पर होता है कि उन्होंने अपने क्षेत्र की कितनी जन समस्याओं का निपटारा किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य जीरो टॉलरेंस नीति को जमीनी स्तर पर लागू करना है। शिकायतों के निवारण में पारदर्शिता लाने के लिए डिजिटल माध्यमों और पोर्टल का भी सहारा लिया जा रहा है ताकि आम आदमी को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



भगवान परशुराम सेवा समिति रानीला की ओर से गांव में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर बादली हलके के विधायक कुलदीप वत्स बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने भगवान परशुराम के जीवन से शिक्षा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छत्तीस बिरादरी के लोग शामिल हुए और भगवान परशुराम को नमन किया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि जिला पार्षद मोहित साहू रानीला, बौंद ब्लाक चेयरमैन पंकज गुर्जर भी उपस्थित रहे। रात्रि को सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक राजेश थुराना एंड पार्टी ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। समिति ने सभी अतिथियों व कलाकारों का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में रामअवतार वत्स, श्यामसुंदर शर्मा, सागर शर्मा, पंडित लख्मीचंद, राममेहर चेयरमैन, जगदीश शर्मा, बीडीसी हरीश वत्स, राजेश शर्मा, सुभाष मास्टर, रामबीर शर्मा, मनोज शर्मा, सूबेदार आत्माराम, सूबेदार सुदामा प्रसाद, मा. सतीश, मा. राजेंद्र, मुंशीराम साहु रानीला आदि मौजूद रहे।

## केसर देवी का जीवन त्याग, सेवा और राष्ट्रभक्ति की अमिट मिसाल: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



क्षेत्र के गांव खरकड़ी माखवान की वरिष्ठ एवं सम्मानित महिला केसर देवी का 110 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वे द्वितीय विश्व युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिक सुबेदार महाबीर सिंह की धर्मपत्नी थीं और अपने जीवनकाल में सादगी, सेवा और सामाजिक समर्पण की मिसाल रहीं।

केसर देवी का जीवन संघर्ष, त्याग और प्रेरणा का प्रतीक रहा। उन्होंने अपने पति के बलिदान के बाद पूरे परिवार को मजबूती से संभाला और समाज में एक आदर्श महिला के रूप में पहचान बनाई। वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति विशेष रूप से जागरूक थीं। उनके प्रयासों से कई लोगों ने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को समझा और अपनाया। ये उद्गार सांसद धर्मवीर सिंह ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहे।

## हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं के घनिष्ठ ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



हलवासिया विद्या विहार के माध्यमिक विभाग में साहित्य सुधा संगम द्वारा कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया। सर्वप्रथम प्राचार्य विमलेश आर्य, माध्यमिक विभाग प्रमुख सुवीरा गर्ग ने मां शारदा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की। कविता पाठ में छात्रों ने ज्वलंत मुद्दों, बदलता समाज, कलयुग की वेदना, देशभक्ति,नारी शक्ति तथा प्रकृति जैसे विषयों पर सुंदर कविताओं का प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम में लगभग 13 प्रतिभागी कामना, दीप्ति, ईशिका, आर्यन, कौशल, भाविका, राधिका, रियांशी, रक्षिता, घनिष्ठ, तनिष्ठा, काशवी व दैविक अरोड़ा ने भाग लेकर एक से बढ़कर एक कविताओं का पाठ किया। आचार्या किरण मखीजा व पूनम तंवर निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थिति रही। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रस्तुति की सराहना की।

## राजकीय प्राथमिक पाठशाला के बच्चों ने खरीद प्रकिया की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

■ कक्षा तत्परता कार्यक्रम के तहत अनाजमंडी का किया भ्रमण

कक्षा तत्परता कार्यक्रम के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला कारीदास कर बच्चों को बाढ़ड़ा अनाजमंडी का भ्रमण करवाया। विज्ञान अध्यापक रविंद्र कुमार के मार्गदर्शन में सभी विद्यार्थी अनाजमंडी पहुंचे और फसल खरीद व अन्य कार्यों के बारे में जानकारी ली।

अध्यापक सुंदरपाल फौगाट ने बताया कि बच्चों को अनाजमंडी का भ्रमण करवाने से उन्हें भोजन के स्रोत, खेती की प्रक्रिया और व्यापार (खरीद-बिक्री) की व्यावहारिक समझ मिलती है। यह अनुभव उन्हें संतुलित आहार का महत्व सिखाता है। वहीं धैर्य एवं मेहनत का सम्मान करना सिखाता है और स्थानीय किसान बाजारों की कार्यप्रणाली से परिचित करवाता है, जिससे वे भविष्य के लिए तैयार होते हैं। वे विभिन्न प्रकार के अनाजों को करीब से देख और समझ सकते हैं, जो केवल किताबों में पढ़ने से नहीं होता।


बाढ़ड़ा। अनाजमंडी का भ्रमण करते राजकीय प्राथमिक पाठशाला के विद्यार्थी।

### महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर लगाए आरोप

# केंद्र सरकार महिला बिल की आड़ में अपने अनुसार परिसीमन करना चाह रही : जोगी

■ महिला आरक्षण बिल को लागू करने से पहले परिसीमन की शर्त जोड़ना राजनीतिक चाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी, रेनूबाला व शीला गौरा। फोटो : हरिभूमि

रोहतक रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में महिला आरक्षण बिल को लेकर जिला शहरी व जिला ग्रामीण ने संयुक्त पत्रकारवार्ता का आयोजन किया। इस दौरान शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने कहा कि बिल 2023 में पास हो चुका है। राष्ट्रपति द्वारा इस पर साइन भी हो चुके हैं। चुनाव में हार के कारण व जहां अब चुनाव हो रहे हैं, वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को बहकाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि 2023 में महिला बिल पास हो चुके हैं और महिला बिल का समर्थन भी कर चुके है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नियत साफ नहीं है, महिला आरक्षण बिल को लागू करने से पहले परिसीमन की शर्त जोड़ना राजनीतिक चाल है।

इससे भाजपा अपने हित में सीटों का पुनर्गठन करना चाहती है, जो लोकतंत्र के लिए घातक है। इस दौरान ग्रामीण संगठन महासचिव संजीव जागलान, उपाध्यक्ष रेनू बाला व शीला गौरा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, जस्टिस फातिमा बीवी और उत्तर प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है, सरकार वास्तव में महिलाओं को अधिकार देना चाहती है तो बिना किसी शर्त के महिला आरक्षण तुरंत लागू करें।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर ईश्वर शर्मा प्रधान, बलवीर सरोहा, तोला राम शर्मा, श्याम लाल, धीरज माडीवाला व शिवकुमार धानक आदि उपस्थित रहे।

परिसीमन को इससे जोड़ना स्पष्ट रूप से राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास है।

## पेट की खराबी सभी रोगों की जननी: जाखड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव मकड़ानी स्थित नवयुग स्कूल प्रांगण में बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। स्कूल संचालक अजय जाखड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पेट के कीड़ों से मुक्ति के लिए एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई। जाखड़ ने कहा कि पेट की खराबी ही असल में सभी रोगों की जननी है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद एवं आधुनिक चिकित्सा विज्ञान दोनों ही इस बात से सहमत हैं कि शरीर के समग्र स्वास्थ्य का सीधा संबंध हमारे पाचन तंत्र से है, पेट स्वस्थ है तो शरीर निरोगी रहता है, लेकिन पेट में खराबी है तो वह विभिन्न रोगों को निमंत्रण देता है। उन्होंने कहा कि पेट स्वस्थ रहे और स्वच्छता का ध्यान रखा जाए, तो अधिकांश बीमारियों से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम अंजूबाला, आशा वर्कर सुशीला मकड़ानी व अनिता ने बच्चों को दवा वितरित की और उन्हें व्यक्तिगत साफ-सफाई के महत्व के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेन्द्र मकड़ाना, विवेक फौगाट, अमित वत्स, मनोज छिल्लर, अखिल गर्ग, कविता मौड़ी, प्रियंका, प्रीती व ज्योती जांगड़ा आदि मौजूद रहे।


चरखी दादरी। बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली देते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## रासायनिक पदार्थ से युक्त खान-पान से जमीन जहरीली हुई और इंसान जानलेवा बीमारियों की चपेट में आ रहा : आचार्य देवव्रत

# राज्यपाल ने शिक्षकों को पढ़ाया प्राकृतिक खेती और संस्कारों का पाठ





भिवानी। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को शिक्षा बोर्ड में आयोजित कार्यक्रम में स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए व कार्यक्रम में पहुंचने पर राज्यपाल का स्वागत करते सांसद धर्मबीर सिंह।

### शिक्षक प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करें: सांसद धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मंगलवार को हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी में संस्कारयुक्त शिक्षा व प्राकृतिक खेती पर आयोजित कार्यशाला में प्रदेशभर के शिक्षकों को प्राकृतिक खेती व संस्कारों का पाठ पढ़ाया।

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित प्रदेश सरकार व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हरियाणा में नई शिक्षा नीति लागू करने के साथ-साथ संस्कारयुक्त शिक्षा और प्राकृतिक खेती पर जोर दिया जा रहा है, जो कि आने वाली पीढ़ियों को बचाने के लिए जरूरी है। संस्कारयुक्त शिक्षा ही देश व समाज की नींव है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को भी प्राकृतिक खेती के बारे जागरूक करें।

#### शिक्षक एक संस्था :आचार्य देवव्रत

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि शिक्षक एक संस्था है। शिक्षक ही देश, समाज व आने वाली पीढ़ियों का निर्माण करता है। ऐसे में शिक्षक का जीवन आदर्श होना चाहिए। एक छोटा बच्चा या विद्यार्थी अपने गुरुजन और माता-पिता को देखकर ही सीखता है। यह कतई ना भूलें कि हम बच्चों को मूर्ख या नासमझ मानकर जो कर रहे हैं, उनको बच्चा समझ नहीं रहा है, बल्कि बच्चे शिक्षक का एक उपनाम उनके गुण-अवगुण के आधार पर भी रखते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक को संस्कारयुक्त विचारों व आदर्शो की पूंजी होना चाहिए। । आचार्य देवव्रत ने 10वीं की परीक्षा में 499/500 अंक प्राप्त करने वाली वैश्य मॉडल स्कूल की छात्रा वृंदा, उसके अध्यापकों व अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। बाद में राज्यपाल आचार्य देवव्रत वर्किंग जर्नलिस्टस एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को भी संबोधित किया।

#### अपने घर में प्रयोग के लिए प्राकृतिक खेती जरूर करें: धर्मबीर

*सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि जिस ढंग से अनाज, सब्जियां आदि जहर युक्त हो चुकी हैं, उससे मानव का जीवन खतरे में है। इन परिस्थितियों में राज्यपाल आचार्य देवव्रत मानवता के लिए काम कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि आचार्य देवव्रत के संदेश से यह प्रण लेना चाहिए कि हम कम से कम अपने घर में प्रयोग के लिए प्राकृतिक खेती जरूर करें। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी जहर हो चुकी खाद्य सामग्री को लेकर बेहद चिंतित हैं और प्राकृतिक खेती पर जोर दे रहे हैं।*

#### मेहमानों को किया सम्मानित

*हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार शर्मा ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत का स्वागत करते हुए कहा कि वे प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करके पुनित कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में शिक्षा बोर्ड के डॉ. पवन कुमार ने सभी का स्वागत किया और राज्यपाल सहित सभी विशिष्ट मेहमानों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. हरिकेश पंघाल ने किया। वहीं दूसरी ओर हरियाणा विद्यालय बोर्ड में पहुंचने से पहले बया पर्यटन केंद्र में डीसी साहिल गुप्ता ने जिला प्रशासन की तरफ से राज्यपाल आचार्य देवव्रत का स्वागत किया। इस दौरान भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, दादरी से विधायक सुनील सतपाल सांगवान, बाढड़ा से विधायक उमेद पातुवास, बवानी खेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर प्रो. दीप्ति धर्माणी, एसडीएम महेश कुमार सहित अनेक अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद थे।*



भिवानी। पूर्व सांसद स्व. जंगबीर सिंह के आवास पर पहुंचकर पीडितों को ढांढस बंधाते हुए। फोटो: हरिभूमि

## स्व. सांसद जंगबीर के निवास स्थान पहुंचकर बंधाया ढांढस

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

आचार्य देवव्रत ने भिवानी स्थित स्व.चौधरी जंगबीर सिंह के निवास स्थान पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने उनके सुपुत्र कमल प्रधान एवं डॉ. हरिकेश पंघाल सहित समस्त परिजनों को ढांढस बंधाया ।

आचार्य देवव्रत ने इस अवसर पर कहा कि स्वर्गीय चौधरी जंगबीर सिंह के निधन के समय वे गुजरात में अपने राजकीय दायित्वों के चलते अत्यंत व्यस्त थे, जिसके कारण उस दौरान शोक व्यक्त करने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके। हालांकि, उस समय उन्होंने दूरभाष पर उनके सुपुत्र कमल सिंह एवं डॉ. हरिकेश पंघाल से बातचीत कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की थीं।

#### बहुआयामी व्यक्तित्व

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय चौधरी जंगबीर सिंह बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे—वे एक वीर सैनिक, समर्पित अध्यापक, समाज सुधारक तथा जन-जन के प्रिय लोकप्रिय नेता थे। उन्होंने वर्ष 1962 एवं 1965 के युद्धों में सक्रिय भागीदारी निभाकर राष्ट्रसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।उन्होंने आगे कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह ने लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 1967, 1968 एवं 1977 में तोशाम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और जनता के बीच अपनी मजबूत पहचान बनाई। सांसद के रूप में भी उनकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ती रही। आचार्य देवव्रत ने परिवारजनों से कहा कि स्वर्गीय चौधरी जंगबीर सिंह के आदर्शों, उनके सद्कार्यों और जनसेवा की विरासत को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# आठवें वेतन आयोग का लाभ मांगा

- पैन्सनर्ज से कम्प्यूटेशन राशि 15 की बजाय 11 वर्षो तक काटने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

उपायुक्त कार्यालय चरखी दादरी के समक्ष रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा जिला चरखी दादरी ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में जोरदार धरना प्रदर्शन किया उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान राजकुमार घिकाड़ा ने की, जबकि मंच संचालन सुनील शर्मा ने किया। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व कर्मचारी नेता सुरेन्द्र मोठसरा रावलधी ने पैन्सनर्ज को सचेत किया कि सरकार आपसे प्रदत्त सुविधाओं को छीनना चाहती है। ओमबीर कालेहर व रामकिशन सांगवान ने अपने संबोधन में पैन्सनर्ज से कम्प्यूटेशन राशि 15 वर्ष की बजाय 11 वर्षो तक काटने की मांग की। दलबीर सांगवान ने सरकार से मांग की कि वरिष्ठ नागरिकों को हवाई यात्रा, रेल यात्रा, वोल्वो एवं एसी बसों तथा सहकारी बसों के किराए में पूर्व में दी छूट बहाल की जाए। जिला उपप्रधान हरिदत्त आर्य व हवासिंह खण्ड प्रधान बाढ़ड़ा ने वित्त विधेयक 2025 को वापिस लेने तथा आठवें वेतन आयोग का लाभ सभी को देने की मांग की।



भिवानी। अधिकारी को ज्ञापन सौंपते रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य।




## विद्यार्थियों ने अर्थ-डे पर धरती, जल व पर्यावरण बचाओ के दिए संदेश

भिवानी। लिटिल हार्टस ग्रुप ऑफ स्कूलस के सभी विद्यालयों में अर्थ-डे पर विद्यार्थियों ने पेंटींग बनाकर पेड़ लगाओ, जल बचाओ, धरती व पर्यावरण बचाओ के संदेश दिये। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि लिटल हार्टस पब्लिक स्कूल में बच्चों की पेंटिग गतिविधि व पर्यावरण संबंधी लघु नाटिका का आयोजन किया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक पेंटींग बनाते हुए व स्टोरी टैलिंग के माध्यम से अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए व प्ले ग्रुप की ग्रीन डे सेलीब्रेशन गतिविधि का आयोजन किया,जिसमें विद्यार्थियों ने मनुष्य जीवन में प्रकृति के महत्व को दर्शाते हुए अदभुत प्रतिभा से सबको आश्चर्यचकित कर दिया। इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों का पर्यावरण के प्रति लगाव उत्पन्न होता है, जिससे वे अपने आस-पास का वातावरण स्वच्छ रख सके व धरती को प्रदूषण संबंधी समस्याओं से बचा सके। विद्यालय निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक राम सिंघल, राहुल गोयल व प्राचार्य दीपक जोशी, प्राचार्या आरती शर्मा, प्राचार्या वीना सेठ ने उनकी प्रशंसा की।

# पेंशन वित्त विधेयक वापस लिया जाए:नरेश

- रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा भिवानी की जिला इकाई ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा भिवानी की जिला इकाई ने उपायुक्त कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान नरेश शर्मा ने की तथा संचालन जिला कार्यकारिणी सदस्य करतार ग्रेवाल ने किया।

धरना में रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य प्रधान एवं अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडेरेशन के राष्ट्रीय महासचिव मास्टर वजीर सिंह तथा राज्य के मुख्य सलाहकार व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व राज्य प्रधान मास्टर शेर सिंह विशेष रूप से उपस्थित हुए। रिटायर्ड कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए जिला प्रधान नरेश शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार ने 25 मार्च 2025 को लोकसभा व राज्यसभा में पेंशन वित्त विधेयक पास करवा लिया है। आज के धरना में रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के मुख्य सलाहकार एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व राज्य प्रधान मास्टर शेर सिंह,जिला उप प्रधान रामचन्द्र सैनी, जिला ,प्रेस सचिव अनिल मुंजाल आदि ने संबोधित किया।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मचारी संगठन के सदस्य।

## नरेंद्र ग्रेवाल बामला बने 'धर्मसेना' के भिवानी ब्लॉक अध्यक्ष, संगठन की मजबूती का लिया संकल्प

भिवानी। सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित अग्रणी संगठन 'धर्मसेना' के विस्तार की कड़ी में नरेंद्र ग्रेवाल बामला को भिवानी ब्लॉक अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए नरेंद्र ग्रेवाल बामला ने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरेंगे। उन्होंने इस गौरवपूर्ण जिम्मेदारी के लिए सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, धर्मसेना संरक्षक रामकिशन हालुवासिया, प्रदेश अध्यक्ष बलवान सिंह आर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलवान तालु और जिला अध्यक्ष मास्टर अश्वनी महता का विशेष रूप से धन्यवाद किया। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र ग्रेवाल ने कहा कि मेरा मुख्य लक्ष्य धर्मसेना की विचारधारा को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना है। समाज के अंतिम व्यक्ति की मदद करना और युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## स्कूल में मनाया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



भिवानी। आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल, भिवानी में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण से बचाना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ , कार्यकारिणी समिति के उपाध्यक्ष सत्यनारायण मित्तल, सामान्य अस्पताल भिवानी के सी.एम.ओ. डॉ.रघुवीर शांडिल्य व अन्य चिकित्सक विद्यालय प्रांगण में उपस्थित हुए। विद्यालय प्रशासिका दिव्या गर्ग, प्राचार्या कीर्ति आहूजा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई। इस दौरान चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को पेट के कीड़ों से होने वाली बीमारियों, जैसे खून की कमी, कुपोषण और पढ़ाई में ध्यान न लगने के बारे में जानकारी दी।

# स्कूलों में एल्बेंडाजोल की दवा वितरित

- बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

गांव झींझर में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्कूलों एवं सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की दवा वितरित की। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए अभियान को सफल बनाया। स्वास्थ्य स्टॉफ झींझर से महिला स्वास्थ्य कर्मचारी अनीता देवी एवं पुरुष स्वास्थ्य कर्मचारी संदीप सिंह डागर के नेतृत्व में निर्मल आशा वर्कर, रीना आशा वर्कर, नीलम आशा वर्कर तथा सुमन देवी आशा वर्कर ने घर-घर व केंद्रों पर पहुंचकर बच्चों को दवा खिलाने के साथ-साथ अभिभावकों को भी जागरूक किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि नेशनल डी-वार्मिंग डे के तहत 21 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है, जबकि पांच मई को मॉप-अप दिवस आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोरों को कृमि संक्रमण से मुक्त करना है।



## एडवोकेट मीना जांगड़ा बनी प्रदेश महासचिव

- आईएमटी के नाम पर सरकार किसानों की जमीन उद्योगपतियों को देना चाहती : जोगेन्द्र

भिवानी। ग्राम स्वराज किसान मोर्चा की बैठक प्रदेशाध्यक्ष जोगेन्द्र तालू व मोर्चा के लीगल सैल के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट देवेन्द्र श्योराण की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महासचिव रघुबीर भेरा व जिला सचिव जंगबीर अलखपुरा ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में संगठन की नई नियुक्ति की,जिसमें एडवोकेट मीना जांगड़ा को लीगल सैल की प्रदेश महासचिव, एडवोकेट मुकेश माहुढाणी को जिलाध्यक्ष तथा संजय तंवर को बवानीखेड़ा ब्लॉक का प्रधान नियुक्त किया। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जोगेन्द्र ने कहा कि भाजपा सरकार तोशाम में आईएमटी के नाम पर किसानों की कृषि योग्य जमीन को पूंजीपतियों को देना चाहती है, जिससे उनका परिवार दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर होगा। मीना जांगड़ा व मुकेश ने कहा कि जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाएंगे।

## कॉफी टेबल बुक से आमजन योग के प्रति होंगे प्रेरित, हरियाणा योग आयोग ने की तैयार

# योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा थीम स्वस्थ, और सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण

### विधायक और डीसी को भेंट की योग से जुड़ी कॉफी टेबल बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

आयुष विभाग ने हरियाणा योग आयोग द्वारा तैयार की गई आधिकारिक कॉफी टेबल बुक भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर आयुष विभाग के अधिकारियों ने विधायक घनश्याम सर्राफ, डीसी साहिल गुप्ता, एसडीएम लोहारू मनोज दलाल व नगराधीश अनिल कुमार को उनके कार्यालय में कॉफी टेबल बुक भेंट कर योग दिवस से पूर्व चलाए जा रहे योग शिविर और कार्यकर्मो की विस्तार से जानकारी दी। हरियाणा योग आयोग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में इस कॉफी टेबल बुक को प्रकाशित किया गया है। विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि कॉफी टेबल बुक से योग की गतिविधियों व अन्य जानकारी आमजन तक पहुचेंगी।



भिवानी। विधायक सर्राफ को योग से जुड़ी कॉफी टेबल बुक भेंट करते हुए।

#### बुराइयों से दूर रहें

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि इस पुस्तक का उद्धेश्य योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना तथा चित्रों के माध्यम से योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित की गई थी। यह थीम मानव और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करने तथा समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का संदेश देती है। उन्होंने बताया कि योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा थीम एक स्वस्थ, जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण है। इसका मुख्य उद्धेश्य लोगों को योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाना और नशे जैसी बुराइयों से दूर रखना है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. रश्मी शर्मा ने बताया कि हरियाणा योग आयोग द्वारा तैयार की गई आधिकारिक कॉफी टेबल बुक का वितरण विधायक के साथ-साथ विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों को किया गया।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्याई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926